ABHIMANYU KUMAR: - MMUY: - ICECREAM MANUFACTURING (CMYUVA20228252905670)

लाभार्थी का नाम - अभिमन्यु कुमार

पता- ग्राम- प्रेमबीघा, पोस्ट- पनारी, थाना- बेलागंज, जिला गया।

पहले का काम- पढ़ाई (छात्र)

योजना के बारे में पता - अखबार के माध्यम से।

योजना से लाभ- (i) खुद का व्यवसाय शुरू करना
(ii) आर्थिक तंगी दूर होना
(iii) 08-10 लोगों को रोजगार दे रहा हूँ।

..

सी अभिमन्यु कुमार, पिता- श्री रामदेव प्रसाद, ग्राम- प्रेमबीघा, पोस्ट- पनारी, थाना- बेलागंज, जिला गया का स्नातक पास छात्र जिन्होंने मात्र 02 किश्तों में ही ICECREAM का उत्पादन कर समाज में एक कामयाबी का परचम लहराया है। इन्होनें इस मिथक को भी चूर करने का प्रयास किया है जिसमें एक ग्रेजुएट लड़का ICECREAM उत्पादन कर न केवल अपने परिवार बल्कि बेराजगार युवाओं के 08-10 परिवारों का भी भरण-पोषण कर रहा है। जब उनसे पूछा गया कि आपको यह तजुर्बा कहाँ से प्राप्त हुआ तब उन्होंने बताया कि शहर में ही उनका एक दोस्त था जिसके यहाँ यह काम होता था, उन्ही के प्रेरणा और मार्गदर्शन में मैंने यह काम जब सीख रहा था, उसी समय अखबार के माध्यम से यह पता चला कि शिक्षित बेरोजगार को स्वावलंबन बनाने के लिए माननीय मुख्यमंत्री, बिहार, सरकार द्वारा मुख्यमंत्री उद्यमी योजना की शुरूआत की गई है। जिसमें मात्र 01% व्याज के दर से सामान्य वर्ग के युवाओं को दस लाख रुपये तक का 50% अनुदानित दर पर ऋण उपलब्ध कर रही है। फिर उसमे नियत समय पर MMUY के PORTAL पर आवेदन किया। संयोगवश उनका चयन भी हो गया। आज उन्हें 02 किस्त उपलब्ध हो चुका है और उन्होने ICECREAM का निर्माण कर शहर के स्कूलों एवं गावों में बिक्री हेतु लगभग 10 रिक्शा तैयार कर दिया है। इसमें इनकी आमदनी तो बढ़ ही रहा है साथ ही आस-पास के गरीब युवाओं को भी रोजगार उपलब्ध करा रहा है। हालांकि यह ICECREAM मौसमी व्यवसाय है किन्तु इनके द्वारा बताया गया कि बर्फ की सील्ली तैयार कर बाजार में बेचेंगे ताकि मछली, सब्जी आदि व्यावसायियों द्वारा इसे स्थानीय स्तर पर उपलब्ध करायी जा सके।